JHJM030027122025

# *Court of A.C.J.M., Jamtara*

*Schedule XLII- High Court (J) 9a [Old M 164]*

| Serial No. | Date of order of proceeding. | **PCR Case No.- 963 of 2025**<br>Order with signature of the court.<br>Harishankar Mandal V/s Santosh Mandal & Others | Office notice taken with date. |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | **24.07.2026** | परिवादी एवं विपक्षीगण की हाजरी है। अभिलेख मध्यस्थता केंद्र द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन पर, सुनवाई हेतु प्रस्तुत किया गया।<br>उभय पक्ष उपस्थित हैं। उभय पक्ष निवेदन करते हैं कि मध्यस्थता केंद्र के माध्यम से उभय पक्ष आपस में समझौता कर लिए हैं। परिवादी वाद को आगे नही चलाना चाहते हैं। अतः वाद को निष्पादित किया जाए।<br>उभय पक्षों को सुना एवं अभिलेख का अवलोकन किया। अवलोकन से विदित होता है कि मध्यस्थता केंद्र का डी.बी.– 168, दिनांक– 25.06.2026 के द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन अभिलेख के साथ संलग्न है। प्रतिवेदन में यह प्रतिवेदित किया गया है कि "दोनों पक्षों के आपसी सहमति से मामले को Settle कर लिया गया है।"<br>अतः उभय पक्षों के निवेदन पर मध्यस्थता केंद्र का प्रतिवेदन डी.बी.– 168, दिनांक– 25.06.2026 स्वीकार करते हुए समझौता के आधार पर वाद को निष्पादित किया जाता है।<br>कार्यालय लिपिक, अभिलेख को नियमानुसार अभिलेखगार में भेंजे।<br>लेखापित<br>ह0/–<br>(मो. नईम अंसारी)<br>अपर मु0न्या0दण्डा0<br>जामताड़ा<br>I.D.No.JH00561 | |